हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.9 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

10 16.5 एकड़ में काटी 2 अवैध कॉलोनियों पर चला पंजा



11 अधिकारी साइक्लोथॉन यात्रा की सभी तैयारियां करें



# बजट को लेकर नगर निगम की पहली मीटिंग, साल में 296 करोड़ रुपये की आय जुटाकर 273 करोड़ रुपये खर्च करेगा

## ▶▶ मेयर बोले-एजेंडों को लेकर हाउस की मीटिंग अलग होगी ▶▶ हर पार्षद को मिलेंगे एक-एक करोड़

- सदन की बैठक में प्रस्तावित बजट सरकार को भेजा जाएगा
- सफाई, पानी, पार्कों के रखरखाव सही टूटी सड़कों को लेकर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की हाउस की पहली बैठक बुधवार को विकास भवन में हुई। जिसमें सफाई, पानी, पार्कों के रखरखाव सही टूटी सड़कों को लेकर हंगामा हुआ। पार्षद अपने वार्ड के विकास के लिए आवाज उठाते नजर आए। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा और विधायक शकुंतला खटक से भी सवाल किए गए। इन सब के बीच मेयर रामअवतार वाल्मीकि की अध्यक्षता में हाउस ने बजट पास किया। नगर निगम साल में 296 करोड़ रुपये की आय जुटाएगा और करीब 273 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसी में ही विकास कार्य करवाए जाएंगे। हालांकि कई पार्षदों ने सवाल उठाए कि निगम की आय कम कैसे हो रही है। आय बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। मीटिंग में नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पार्षदों ने समस्याएं उठाई

बजट को लेकर हुई मीटिंग में पार्षदों ने अपने वार्ड की समस्याओं को उठाना शुरू का दिया। समस्याओं को लेकर अधिकारियों पर भी आरोप लगाए। पार्षदों ने कहा कि लोग जवाब मांग रहे हैं। उनके वार्ड में क्या-क्या काम होंगे उन्हें जानकारी होनी चाहिए।

### विधायक से मांगा जवाब

मीटिंग के दौरान पार्षद कपिल नागपाल और सुशील नांदल ने कांग्रेस के विधायक बीबी बत्तरा से सवाल किया कि शहर के विकास को लेकर बजट कितना है। इस पर कलानौर विधायक शकुंतला खटक ने कहा कि कोटा पूछने का आपको कोई अधिकार नहीं है। यह निगम हाउस की मीटिंग है, विधानसभा की नहीं है तो विधायक आपको स्पष्टीकरण देंगे। दोनों के बीच काफी देर तक सवाल जवाब चलते रहे।

### सफाई के लिए 40 करोड़

वार्ड 14 से पार्षद कंचन खुराना ने मीटिंग में कहा कि वार्डों में साफ सफाई हो नहीं रही। बजट पर 25 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है। इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी सफाई सही ढंग से नहीं हो रही। अब सफाई के बजट को 40 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

### पार्कों का रख रखाव नहीं

पार्षदों ने कहा कि पार्कों का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। अधिकारी बताए कि पार्कों पर कितना खर्च किया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि पार्कों के रख रखाव को लेकर 8 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। जिससे पार्कों में सुधार किया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था चरमराई

वार्ड 20 से पार्षद प्रवीण कौशिक ने भी सवाल किया। उन्होंने पूछा वार्डों में साफ सफाई के लिए कितने कर्मचारी है। एक ठेकेदार ने कोर्ट में केस किया हुआ है, जिसकी वजह से वार्डों के हाल खराब हो गए हैं। कोर्ट से केस नहीं हटेगा तो क्या वार्डों में सफाई नहीं होगी। इस पर जवाब देते हुए नगर आयुक्त ने कहा कि अगर एचकेआरएन के तहत 300 कर्मचारी मिल जाए तो काम सही ढंग से होगा।





रोहतक। निगम हाउस की बैठक लेते मेयर रामअवतार वाल्मीकि साथ में कांग्रेस विधायक बीबी बत्तरा और विधायक शकुंतला खटक। सदन में अपनी बात रखते पार्षद कपिल नागपाल व सुरेश कुमार। : हरिभूमि

### सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव अभी नहीं

हाउस की पहली बैठक सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के बिना ही हुई। अभी तक इन पदों पर चुनाव नहीं किया गया है। इसी माह के अंत में दोनों पदों पर चुनाव को लेकर बैठक हो सकती है।

### पानी की समस्या को विधायक ने उठाया

शहर में पीने के पानी की समस्या का मामला कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने उठाया। इसका कुछ पार्षदों ने समर्थन किया। पार्षद बिजेंद्र हुड्डा ने इस दौरान अपने वार्ड में पीने के पानी के साथ गंदा पानी आने का मामला हाउस में उठाया। पार्षद अनिता मिगलानी ने भी वार्ड में पीने के पानी की समस्या को लेकर सवाल किया।

### भगत सिंह पार्किंग का समाधान होना चाहिए

हाउस में सवाल किया कि नगर निगम की आय कम होती जा रही है। आय के स्त्रोत बढ़ने चाहिए। 2012 में भगत सिंह पार्किंग बनवाई गई थी। जो आज तक सफेद हाथी बनी खड़ी हुई है। पीडब्ल्यूडी आवासीय कॉलोनी का समाधान होना चाहिए। यहां दुकानें या बिल्डिंग बन सकती है।
-**कपिल नागपाल**, वार्ड सात

### बेवजह के खर्चे बंद होने चाहिए

भ्रष्टाचार पर लगाम कसी जानी चाहिए। बेवजह के खर्चें बंद होने चाहिए। नगर निगम को अपनी आय के स्त्रोत बढ़ाने चाहिए। विकास कार्य करवाने में प्राथमिकता बरतनी चाहिए। सफाई के मामले में भी अधिकारियों को विशेष ध्यान देना चाहिए। टूटी सड़कों और पीने के पानी की समस्या का समाधान होना चाहिए।
-**कंचन खुराना**, पार्षद

### आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का बजट किया पास

मीटिंग के दौरान बताया गया कि प्रदेश सरकार की तरफ से रोहतक में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाई जानी है। इसके लिए सरकार ने जमीन तय की है, जिसे खरीदकर वहां लाइब्रेरी बनाई जाएगी। निगम की मीटिंग में एजेंडे को पास किया गया।

### कम हो रहा निगम का लक्ष्य

2022-23 में 241 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था लेकिन निगम केवल 212 करोड़ ही जुटा पाया। 2023-24 में करीब 240 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था लेकिन यहां केवल 217 करोड एकत्रित हुए। 2024-2025 में नगर निगम का 317 करोड़ का बजट पास किया गया था, लेकिन निगम अलग अलग आय से केवल करीब 217 करोड़ ही जुटा सका। सौ करोड़ का टारगेट पूरा नहीं किया जा सका।

### प्रॉपर्टी टैक्स का लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहा निगम

2022-23 में 55 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था लेकिन निगम में केवल 25 करोड़ ही जमा हो पाए। इसके अलावा 2023-24 में 35 करोड़ में से केवल करीब 20 करोड़ ही आए। 2024-25 में 35 करोड़ का लक्ष्य था लेकिन जमा हुए करीब 12 करोड़ रुपये।

### विकास के लिए हर वार्ड पार्षद को मिलेंगे एक-एक करोड़: रामअवतार वाल्मीकि

मीटिंग के दौरान मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि 22 वार्डों में विकास के लिए हर पार्षद एक-एक करोड़ रुपए का काम करवा सकता है। वह अपने वार्ड के काम लेकर अधिकारियों के पास जाए और बजट पास करवाए। उनके वार्ड में विकास के काम शुरू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में समान विकास करवाने का प्रयास रहेगा।

### पार्षदों से वार्ता





रोहतक। नगर निगम हाउस की पहली बैठक में मौजूद विभिन्न वार्ड के पार्षद ।



रोहतक। बात रखती पार्षद कंचन खुराना व अन्य वार्ड के पार्षद।



रोहतक। अपनी बात रखते पार्षद बिजेंद्र हुड्डा। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने घोषित किए सेमेस्टर परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बीएचएमसीटी-प्रथम, तीसरे, पांचवें व सातें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, ब्रिज कोर्स रेगुलर एमसीए दो वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमसीए के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एम.कॉम कॉमर्स ऑनर्स फ्रेश व री-अपीयर के पांचवें, सातवें व नौवें सेमेस्टर तथा एम.कॉम आनर्स के प्रथम, तीसरे व दसवें सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### 15 तक आवेदन स्वीकार करेगी एमडीयू

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से संचालित यूजी/पीजी के इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों में जनवरी-फरवरी 2025 में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 5000 हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से संचालित इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों- बीए दूसरे वर्ष- तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा तीसरे वर्ष- पांचवें व छठे सेमेस्टर, बीकॉम दूसरे वर्ष- तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा तीसरे वर्ष-पांचवें व छठे सेमेस्टर, एमए दो वर्षीय- हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, इतिहास तथा एमएससी गणित दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 5000 हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### लोन के नाम पर 27375 रुपये की ठगी, गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने लोन के नाम पर हुई 27375 रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सेक्टर-2 निवासी अरुण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 14 अक्टूबर 2024 को अरुण के पिता सुरेंद्र के पास अज्ञात नंबर से कॉल आया कि आपके बेटे ने 25 हजार रुपये का लोन ले रखा है, जिसमें आप (सुरेन्द्र) को गारंटर बना रखा है।

### अग्निपथ योजना के तहत भर्ती 25 तक

**रोहतक।** अग्निपथ योजना तथा नियमित एंट्री के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण के लिए 25 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा। भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार सेना की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। अग्निपथ योजना के तहत रोहतक, झज्जर, सोनीपत और पानीपत जिला के युवा अग्निवीर जनरल डयूटी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास के लिए 25 अप्रैल तक सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने छापेमारी करते हुए युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि सल्लारा मौहल्ला में झुला चौक मंदिर के पास युवक अवैध शराब सहित खड़ा है। पुलिस ने झुला चौक के पास गली में खडे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विनय निवासी दरवाजा मौहल्ला के रुप में हुई। युवक के पास से 25 अध्धे, 86 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

**सियासत** रोहतक बार एसोसिएशन को भी विकास कार्यों के लिए मिलेगा पांच लाख का अनुदान

# महम में वकीलों की गुटबाजी आई सामने, एक ही दिन में अलग-अलग मनाई आंबेडकर जयंती

- महम बार एसोसिएशन के लिए सांसद जांगड़ा ने 11 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा की
- शमशेर खरकड़ा ने भी वकीलों के बीच पहुंचकर दिया सद्भावना का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

बार एसोसिएशन महम के वकीलों के बीच चल रही गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही। बार एसोसिएशन चुनाव में शुरू हुई तल्खी बढ़ती ही जा रही है। चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद भी वकीलों के बीच चल रही यह खींचतान अब पूरे जग जाहिर हो गई है। 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती है। बार एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में बार एसोसिएशन प्रधान प्रदीप ढाका ने 11 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती मनाने की घोषणा की थी। उसके बाद बार के उपप्रधान राजपाल अहलावत ने 9 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती मनाने की घोषणा कर दी। बार प्रधान प्रदीप ढाका ने ऐन वक्त पर 11 अप्रैल के कार्यक्रम को बदलकर 9 अप्रैल को ही कर दिया और वह भी दूसरे कार्यक्रम से दो घंटे पहले। पूर्व बार प्रधान रवि शंकर सोनी व उनके पैनल से चुनकर आए पदाधिकारियों राजपाल अहलावत, सुमित सिवाच और ममता कटारिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने महम बार एसोसिएशन महम के विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि रोहतक बार एसोसिएशन को भी 5 लाख रुपए की ग्रांट दी जाएगी। वहीं बार एसोसिएशन प्रधान प्रदीप ढाका के कार्यक्रम में महम के वरिष्ठ नेता शमशेर खरकड़ा पहुंचे। दोनों ही कार्यक्रमों में अपने अपने पक्ष के वकीलों ने भाग लिया और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को याद किया। सभी वकीलों ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सांसद रामचंद्र जांगडा ने सभी वकीलों को संबोधित करते हुए कहा की बाबा साहब भीम राव आंबेडकर सामाजिक समरसता के सबसे बड़े पुरोधा थे। उनका पूरा जीवन संघर्ष की एक गाथा है जो हर समाज के व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा है। वे सदैव समाज मे पिछड़े व्यक्ति की समानता की बात करते थे जिस प्रकार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के लिए कार्य कर रहे हैं।



महम। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का स्वागत करते पूर्व प्रधान रोहतास राठी। फोटो: हरिभूमि



महम। सीनियर नेता शमशेर खरकड़ा का अभिवादन करते बार प्रधान प्रदीप ढाका व अन्य वकील। फोटो: हरिभूमि



महम। अनाज मंडी महम में बनाई गई अटल किसान मजदूर कैंटीन।

### महम अनाज मंडी में खुली अटल किसान मजदूर कैंटीन, 10 रुपये में मिलेगा भोजन

**महम।** मार्केट कमेटी महम द्वारा अनाज मंडी महम में किसानों व मजदूरों के लिए अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई है। इस कैंटीन में किसानों व मजदूरों को मात्र 10 रुपए में भोजन की थाली मिलेगी। कैंटीन का संचालन महिलाओं का एक स्वयं सहायता समूह करेगा। समूह की महिलाओं को प्रति थाली 15 रुपए मार्केट कमेटी द्वारा दी जाएगी। यह पैसा उनकी क्षतिपूर्ति के लिए दिया जाएगा। लाभार्थियों से लिए जाने वाले 10 रुपए प्रति थाली के अलावा रोजाना 200 थाली के 15 रुपए प्रति थाली की दर पर अलग से पैसा महिलाओं को दिया जाएगा। बुधवार 9 अप्रैल को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अटल किसान मजदूर कैंटीन का उदघाटन किया। इस मौके पर एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट और महम मार्केट कमेटी के सचिव दीपक ने किसानों व आढ़तियों को संबोधित किया।

### 14 फसलों पर एमएसपी दी: सांसद जांगडा

सांसद जांगडा ने इस दौरान कहा की आज प्रदेश का मुखिया नायब सिंह सैनी है जो एक किसान का बेटा है। उसे किसानों की हर दुख तकलीफ पता है। इसलिए सबसे पहले 14 फसलों पर एमएसपी दी। किसानों का एक एक दाना खरीदा। जब किसान फसल बेचने मंडी आता है उसके रुकने खाने की व्यवस्था करना ये एक सच्चा हितैषी ही कर सकता है।

## कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क से जुड़े कानूनी पहलुओं से अवगत करवाया

रोहतक। श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में आईपीआर प्रकोष्ठ व वाणिज्य विभाग के तत्वाधान विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क रहा। मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से फार्मेसी विभाग के सीनियर प्रोफ़ेसर डॉ. अरुण नंदा रहे। उन्होंने कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क से जुड़े क़ानूनी पहलुओं, उनके महत्व और उनके आवेदन की प्रक्रिया को सरल और उदाहरणों के माध्यम से समझाया। सीनियर प्रोफ़ेसर डॉ. रश्मि छाबड़ा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने छात्रों को ऐसे विषयों पर निरंतर जागरूक रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर आईपीआर प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ सुमन रानी, डॉ. दीप्ति, चंदना जैन, प्रतिभा, डॉ. सविता, डॉ. शालू जुनेजा, डॉ. नीतू अनेजा, डॉ. सीमा, डॉ. प्रमिला, डॉ. चित्रा, मनीषा, स्वाति, डॉ. निधि, लक्ष्या, सान्वी, देव, पूजा, रजनी, रीना आदि मौजूद रहे।



# पीजीआई पार्किंग से वाहन उठाने वालों पर अब तीसरी आंख की रहेगी नजर

- पीजीआई की पार्किंग में पिछले काफी समय से बाइक व स्कूटी उठने का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




पीजीआई की पार्किंग में पिछले काफी समय से बाइक व स्कूटी उठने का सिलसिला जारी है। रोजाना एक या दो बाइक व स्कूटी चोरी होने का मुकदमा दर्ज पीजीआई थाने में होता है। लेकिन सीसीटीवी न लगे होने के कारण आरोपी तक पहुंच पाना काफी मुश्किल हो जाता था। जिसके चलते पार्किंग के आसपास के एरिया में 15 सीसीटीवी कैमरे लगवाएं गए है। ऐसे में अब बाइक उठाने वाले आरोपी तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। बिना सीसीटीवी के आरोपी तक पहुंच पाना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। इसी के चलते यह कदम उठाया गया है। बता दें कि बार-बार बाइक व स्कूटी चोरी होने की मिल रही शिकायतों के चलते पुलिस भी काफी परेशान हो चुकी थी। इसमें पुलिस प्रशासन और पीजीआई के अधिकारियों ने बातचीत कर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का फैसला लिया है। ऐसे में जांच के दौरान मदद मिलने से पुलिस को भी काफी आसानी होगी। पीजीआईएमएस प्रदेश का स्वास्थ्य मामले को लेकर बहुत बड़ा संस्थान है। जिसमें रोजाना हजारों मरीज अलग-अलग जिलों व अन्य प्रदेशों से इलाज करवाने के लिए पहुंचते है। हर छोटी जांच से लेकर बड़ी जांच तक इस संस्थान में की जाती है। यहीं नहीं लीवर प्रत्यारोपण तक की सुविधा के लिए मरीज यहां आते रहते है। पार्किंग में रोजाना हजारों बाइक व स्कूटी आती रहती है। लेकिन सीसीटीवी न होने से आरोपी आसानी से उनका लॉक तोड़कर उन्हें ले जाते। बाइक चालक जब तक मरीज को छोड़कर बाहर आता तब तक बाइक ही गायब मिलती थी। ऐसे में सीसीटीवी लगने के बाद आरोपी तक पहुंचने में काफी मदद मिलेगी।

### एक माह में हुई वाहन चोरी की वारदात

- 25 फरवरी को मां को दवाई दिलवाने आए सुनील कुमार की बाइक चोरी हुई।
- 25 फरवरी को बहन को दवाई दिलवाने आए राम साहू की ई-रिक्शा चोरी हुई।
- 13 फरवरी को पत्नी का इलाज करने आया सत्यप्रकाश की बाइक चोरी हुई।
- 13 फरवरी को पत्नी को दवा दिलाने आए अरुण कुमार की ई-रिक्शा चोरी।
- 7 फरवरी को एमडीयू के छात्र मनोज की पार्किंग से बाइक चोरी हुई।

## खबर संक्षेप



### ब्लैक बोर्ड प्रेजेंटेशन में दीपांशु प्रथम

रोहतक। वैश्य महाविद्यालय में कॉमर्स एसोसिएशन के अंतर्गत ब्लैक बोर्ड प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। 16 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में दीपांशु प्रथम, आयुष ने द्वितीय व पुष्पेंद्र और पीयूष जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली



रोहतक। वैश्य कॉलेज आफ एजुकेशन में नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर तरुणा मल्होत्रा ने कहा कि अगर हम शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो किसी भी प्रकार के नशे से अपने आप को दूर रखना होगा। इस मौके पर कॉलेज के सभी सदस्यों व विद्यार्थियों को नशे से मुक्त रहने के लिए शपथ दिलवाई गई।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 13 को

रोहतक। श्री महावीर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्व. महावीर जैन (पत्रकार) की 65वीं जन्म जयंती पर 13 अप्रैल को सुबह 9:30 से 2:30 बजे तक 17वां रक्तदान शिविर का आयोजन जैन धर्मशाला बाबरा मोहल्ला में किया जाएगा।। संयोजक राजेश जैन ने बताया इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान वैश्य एजुकेशन सोसाईटी नवीन जैन, वशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रो. मनोज कुमार एमडीयू, कार्यक्रम अध्यक्ष एडवोकेट देवेन्द्र वशिष्ट होंगे।

## सेक्टर 7-38 विभाजक रोड और गांव में कार्रवाई

# 16.5 एकड़ में काटी 2 अवैध कॉलोनियों पर चला पंजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला नगर योजनाकार द्वारा अवैध कॉलोनियों में निर्माण को गिराने का अभियान निरंतर चला हुआ है। जहां भी अवैध कॉलोनियां बन रही है, प्रशासन वहीं पर उन्हें रोकने का काम कर रहा है। स्थानीय सेक्टर 7-38 विभाजक रोड एवं रोहतक के गांव में लगभग 16.5 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया।

### अवैध निर्माण पनपने नहीं दिया जाएगा: डीसी

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि इस अभियान के दौरान दो अवैध कॉलोनियों में पक्का रोड नेटवर्क, 42 नींव, 5 निर्माण व सीवर सिस्टम को तोड़ा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला में अवैध कॉलोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

### नागरिकों से किया आह्वान

*उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें। अवैध कॉलोनियों व निर्माण के विरुद्ध तोड़-फोड़ अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।*

# रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति पर काव्य गोष्ठी व सेमिनार 11 को

- साइक्लोथॉन जागरूकता रैली से पूर्व 11 अप्रैल को रेडक्रॉस भवन में कार्यक्रम होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


उपायुक्त धीरेंद्र।

जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस समिति द्वारा वंदन साहित्यिक मंच के सांझा प्रयास से ड्रग फ्री हरियाणा के अंतर्गत 11 अप्रैल को रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति पर काव्य गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य पुरस्कार विजेता एवं मंच के संरक्षक डॉ. मधुकांत, डॉ. र मा कां ता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक जनार्दन शर्मा एवं अनेक साहित्यकार इस अवसर पर नशे पर अपनी कविता का पाठ करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि साइक्लोथॉन जागरूकता रैली से पूर्व 11 अप्रैल को रेडक्रॉस भवन में सुबह 11 बजे ड्रग फ्री हरियाणा के अंतर्गत नशा मुक्ति पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक ग्रामीण युवा भाग लेंगे। इसके साथ-साथ यूथ रेडक्रॉस के वालंटियर भी इस काव्य गोष्ठी का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छुक संस्था अथवा कवि, कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर के मोबाइल नंबर 85718-56900 पर संपर्क कर सकते है।


## मंडी में आवक बढ़ी, 5820.36 गेहूं व 16821.82 एमटी सरसों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की न्यू अनाज मंडी में पीला सोना कहें जाने वाले गेहूं की आवक में काफी इजाफा हो रहा है। रोजाना किसान अपनी फसल को बेचने के लिए मंडी में पहुंच रहे है। मंडी में मिलने वाली सुविधाओं का भी किसान जमकर लुप्त उठा रहे है। वहीं प्रशासन की तरफ से किसानों को फसल सुखाकर लाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। ताकि खरीद के समय उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा का कहना है कि किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे तथा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ सके। अब तक जिला की मंडियों में 5820.36 मीट्रिक टन गेहूं एवं 16821.82 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरकार द्वारा सरसों के लिए 5950 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। मंगलवार तक जिला की मंडियों में 5820.36 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की रोहतक मंडी में 2557.46 मीट्रिक टन व सांपला मंडी में 3262.90 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### चमारिया में अनाधिकृत कब्जा हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। चमारिया गांव में अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचायती राज विभाग के एसडीओ गिरीश बत्तरा को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे। ड्यूटी मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रदत्त कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। संबंधित विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा।



### गो सेवा करना अच्छा कार्य: पार्षद प्रवीण

रोहतक। मंगलवार को नगर निगम वार्ड 20 के पार्षद प्रवीण कौशिक ने अपना जन्म दिन मनाया। इन्होंने इस मौके पर केक काटकर,हवन करके,गो माता को चारा व गुड़ डाला। पौधारोपण भी पार्षद ने किया। कौशिक ने कहा कि मेरा जन्म दिन लोगों की सेवा में समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि पहरावर स्थित नंदिनी गौशाला में हरा चारा व गुड़ डालकर गौ माता की सेवा की। गो माता की सेवा करना सबसे उत्तम कार्य है। गऊ माता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। समाजसेवी रिंकू पालीवाल ने गोशाला में एक ट्रॉली तुड़े की और समाजसेवी जयपाल ओहल्याण ने एक ट्रॉली हरा चारा की दान की। गोशाला प्रधान नरेश कुमार,अमित पालीवाल, दीपक, ढिल्लू, गौरव, मनीष दलाल, हेमंत ,रजनीश, सतीश, गोलू, सुनील, रविंद्र कौशिक ,आजाद मोहित और जयपाल इस मौके पर मौजूद रहे।

*रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समा*

## मकड़ौली खुर्द हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मकड़ौली खुर्द हाई स्कूल में वार्षिक पारितोषिक दिवस और प्रवेश उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ हवन और वैदिक मंत्रो के द्वारा किया गया। हवन यज्ञ प्रक्रिया में ब्रह्मा की भूमिका विद्यालय की संस्कृत अध्यापक सुशीला देवी और हिंदी अध्यापक सुनीता देवी ने निभाई। यजमान की भूमिका में मुख्य अतिथि मड़ौली खुर्द गांव के सरपंच जसवंत सिंह, विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सुशीला देवी, वरिष्ठ अध्यापक यशवीर मलिक और वरिष्ठ अध्यापिका कृष्णा देवी विराजमान रहे। आज की इस हवन यज्ञ की पावन क्रिया में विद्यालय के सभी विद्यार्थी अभिभावक एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। यज्ञ के पश्चात विद्यालय के होनहार छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम मे समा बांध दिया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को गणित अध्यापिका सुमन लता के नेतृत्व मे मुख्य अतिथि सरपंच जसवंत सिंह, मुख्य अध्यापिका सुशीला देवी, पीजीटी अध्यापक यशवीर मलिक ने पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में मकड़ौली खुर्द हाई स्कूल की मुख्य अध्यापिका सुशीला देवी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जसवंत सिंह, अभिभावकों स्टाफ सदस्यों विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## आंबेडकर पार्क में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड 4 स्थित आंबेडकर पार्क में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि अनूप भाली व कन्हैया लाल रहे। कार्यक्रम का आयोजन हमारा सहयोग के अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति और धर्मवीर ने किया। अनूप ने बताया कि मनुष्य की बढ़ती आबादी पर्यावरण के लिए खतरा बनती जा रही हैं, लगातार पेड़ पौधे काटे जा रहे हैं, जिससे मानव जीवन खतरे में पड़ गया है, हवा प्रदूषित हो रही है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वार्ड 4 पार्षद रिंकू देवी, संदीप डाबला, गीता, धर्मवीर, विजय पाल, अश्वनी, अनिल, परवीन, रॉबिन, विनोद, ईश्वर, अशोक नागर, रोशनी, गंभीर, मोहन आर्य, वीरेंद्र, मुकेश, संजय आदि मौजूद रहे।

## डॉ. अंजलि दूहन ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


डॉ. अंजलि दूहन

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अंजलि दूहन ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया है। डॉ. अंजलि दूहन ने विक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम, लंदन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. दूहन ने द्वादश भाव विषयक शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें मुगलों के लिए 12 भाव के एक आख्यान को प्रस्तुत किया गया है। द्वादश भाव एक प्रकाशित चित्रित मुगल ग्रंथ है, जिसमें एक संस्कृत ग्रंथ की कहानी को लेकर उसका अनुवाद फारसी में किया गया है। इस ग्रंथ के माध्यम से यह पता चलता है कि किस तरह मुगल बादशाह भारत की ज्ञान परंपराओं से सीख रहे थे और उनमें अपना योगदान दे रहे थे। इस अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदें ने डॉ. अंजलि दूहन के शोध पत्र की सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### रंगोली प्रतियोगिता में पूजा ने पाया प्रथम स्थान



रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में साइंस सोसायटी, फिजिक्स एवं केमिस्ट्री विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगीता का आयोजन किया गया। जिसका विषय विज्ञान और नए वैज्ञानिक आविष्कार रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा देवी, द्वितीय स्थान अंशिता और तृतीय स्थान तमन्ना व निक्की ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर रश्मि लोहचब ने छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए और उनका हौसला बढ़ाया।

**कार्यक्रम** पीजीआईएमएस में आंबेडकर की 135वीं जयंती पर विचार संगोष्ठी

*विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर संगीत व कविताओं के माध्यम से संविधान निर्माता के जीवन पर डाला प्रकाश*

# डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में उतारें : एच के अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में बुधवार को लेक्चर थियेटर पांच में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर , संगीत व कविताओं के माध्यम से डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ.एच. के. अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सीता राम व्यास, निदेशक डॉ.एस.के. सिंघल व डीन छात्र कल्याण डॉ.एम.जी. वशिष्ठ उपस्थित हुए। वहीं वक्ता के तौर पर राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा सरकार प्रदीप शेखावत उपस्थित हुए। मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा व डॉ. प्रीति गहलोत ने किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल ने कहा कि आगामी दिनों में छुट्टियां होने के चलते बाबा साहेब की जयंती पर्व संस्थान में आज मनाया गया ताकि छात्रों को आंबेडकर जी के योगदान के बारे में बताया जा सके। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर महान समाज सुधारक थे, उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। उनका जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। डॉ. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम आंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे।

निदेशक डॉ.एस.के. सिंघल ने कहा कि आज के इस विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में आने पर वें सभी का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जीवन के बारे में पता होना चाहिए क्योंकि आज का छात्र कल देश को आगे लेकर जाएगा। डॉ. सिंघल ने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ हमारे महापुरुषों व संस्कृति से भी अवगत रखा जाए। डॉ संत लाल कटारिया और डॉक्टर विनोद चायल ने डॉक्टर अंबेडकर द्वारा लिखी गई पुस्तक अतिथियों को देखकर धन्यवाद किया। इस अवसर पर समाजसेवी सीता राम व्यास, डीन छात्र कल्याण डॉ. एम.जी. वशिष्ठ, डॉ.सविता सिंघल, प्राचार्य नर्सिंग कॉलेज प्रो. सुनीता सिंह सहित संस्थान की सभी एसोसिएशनों के सदस्य व सैकड़ों विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।

### डॉ. आंबेडकर सर्व समाज के नेता

*वक्ता राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा सरकार प्रदीप शेखावत ने कहा कि वें डॉ. आंबेडकर राष्ट्र ऋषि की भी उपाधि देते हैं। ऐसे महापुरुष अपने कर्मों के बल पर पूरे समाज, देश के गौरव होते हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में हमारे अंदर कोई विशिष्ठता होती है वही विशिष्टता हमें पहचान दिलाती है। प्रदीप शेखावत ने कहा कि हमारे विचार श्रेष्ठ हैं तो राष्ट्र भी श्रेष्ठ होगा। आंबेडकर जी सिर्फ दलितों के नहीं सर्व समाज के नेता थे। उन्होंने कहा कि पहले हमारे देश में जाति प्रथा नहीं थी क्योंकि यदि जाति प्रथा होती तो भगवान के आगे भी गोत्र लिखा होता। प्रदीप शेखावत ने कहा कि हम सभी भारत माता की संतान हैं यही हमारा भाव होना चाहिए।*

## खबर संक्षेप



### महावीर स्वामी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

**रोहतक।** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा आचार्य महाश्रमण की आज्ञानुवर्ती सुशिष्य शासन साध्वी सुमन श्रीजी व साध्वी मधुरलता के सानिध्य में बुधवार को केशव पार्क ग्रीन रोड पर भगवान महावीर स्वामी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। साध्वी ने बताया कि इसमें जो पांच पद है उनके अपने-अपने विशिष्ट गुण हैं, वे गुण जिस किसी भी आत्मा में समाहित हैं उन सभी को हम नमन करते हैं।

### विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक

**सांपला।** सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को नशा मुक्त समिति और यूथ रेड क्रॉस के द्वारा नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराना है। इसके अलावा भी कई गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### 200 लाभार्थियों को मिले 40 लाख रूपये

**रोहतक।** जिला में राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे मृतक के परिवारों को 20 हजार रुपए की दर से एकमुश्त 40 लाख रुपए की राशि 200 लाभार्थियों के बैंक खातों में डाली गई है। योजना के तहत बीपीएल परिवार के मुखिया की दुर्घटना व प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में परिवार के सदस्यों को यह राशि उपलब्ध करवाई जाती है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला के 200 लाभार्थी परिवारों को 40 लाख रुपए की राशि का वितरण कर दिया गया है।

### रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं: इंदु

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में राष्ट्रीय सेवा इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना व लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर इंदु सपरा ने बताया कि रक्तदान महादान है, यह किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

### नए कानून के विरोध में खाद बीज की दुकानें रही बंद

**सांपला।** हरियाणा सरकार के सीड्स व पेस्टिसाइड्स एक्ट 2025 पर लागू नियमों के विरोध में बुधवार को कस्बे के बीज व खाद विक्रेताओं ने हड़ताल की। इस दौरान बीज व खाद की सभी दुकानों पर ताला लटका रहा। ये कानून बीज उत्पादक, विक्रेता एवं कीटनाशक निर्माता और विक्रेताओं की आपत्तियां सुने बिना पास किया गया है। विक्रेता के लिए गैर जमानती अपराध की श्रेणी व पुलिस हस्तक्षेप चिंता का विषय है।

# तैमूरपुर गांव के पूर्व व वर्तमान सरपंच ने बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला कराकर पेश की मिसाल

### शिक्षकों के प्रयासों से स्कूल में लगातार बढ़ रही बच्चों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव तैमूरपुर के पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच ने अपने बच्चों का दाखिला गांव के सरकारी स्कूल में करवाकर एक मिसाल पेश की है। प्राइवेट स्कूलों की ओर लोगों के बढ़ते रुझान के बीच यह कदम बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। स्कूल के शिक्षकों ने भी उनके इस कार्य की सराहना की है। साथ ही ग्रामीणों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल कराएं। सरकार की ओर से काफी सुविधाएं स्कूलों में दी जा रही हैं। तैमूरपुर गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हरिओम वर्मा तथा राजकीय उच्च विद्यालय में शिक्षक आशा रानी व कृष्ण कुमार स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनका कहना है कि सरकार की ओर से स्कूलों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पढ़ाई का बेहतर माहौल है। यहां पढ़े हुए बच्चों ने हर मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस साल का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहा है। सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बच्चों को बेहतर पढ़ाई कराने के साथ उनका सर्वांगीण विकास करने के प्रति कटिबद्ध हैं।



#### ये कहना है पूर्व व वर्तमान सरपंच का

*गांव के पूर्व सरपंच विनोद कुमार मेहरा ने कहा कि रोहतक जिले का यह सबसे छोटा गांव है। गांव में सरकारी तौर पर हर सुविधा मुहैया कराई गई है। उनके कार्यकाल में यहां के प्राथमिक विद्यालय को अपग्रेड करके उच्च विद्यालय बनाया गया। साथ ही आलीशान बिल्डिंग भी बनाई गई। गांव के बच्चे भी यहां पढ़ाई करके आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने गांव के स्कूल को मजबूत बनाए रखने के लिए अपने बच्चों का यहां दाखिल करवाएं। गांव की सरपंच ममता देवी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी बच्चों का भविष्य स्वर्णिम बनता है। हमें पॉजिटिव सोच रखनी चाहिए। अपने गांव के स्कूल की प्रगति के लिए यह जरूरी है कि हमारे बच्चे यहां पर पढ़ें। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में बच्चों की अच्छी शिक्षा अच्छी इमारत से नहीं, अच्छे टीचर्स से होती है। यहां पूरा स्टाफ अनुभवी और मेहनती है। उनकी ओर से दी जा रही शिक्षा और संस्कार बच्चों को समाज में अच्छा इंसान भी बना रहे हैं।*

### एमडीयू 19 को मनाएगी अपना 50वां स्थापना दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आगामी 19 अप्रैल को 50वां स्थापना दिवस (फाउंडेशन डे)हर्षोल्लास से मनाएगा। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कुलपति कार्यालय में आयोजित बैठक में स्थापना दिवस की गोल्डन जुबली के शानदार आयोजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना का 50 वर्ष पूरा होना एक गौरवपूर्ण क्षण है। एमडीयू की गौरवशाली विकास यात्रा को 50वें स्थापना दिवस में सेलिब्रेट किए जाने की बात कुलपति ने कही। उन्होंने कहा कि एमडीयू ने अपनी इस गौरव यात्रा में अनेक आयाम तय किए हैं। शिक्षा, शोध, संस्कृति, खेलकूद समेत अन्य क्षेत्रों में एमडीयू की उपलब्धियों को 50वें स्थापना दिवस में दर्शाया जाएगा।



### करौंथा गांव में प्रवेश करने पर यात्रा का होगा भव्य स्वागत

# अधिकारी साइक्लोथॉन यात्रा की सभी तैयारियां करें पूर्ण : धीरेंद्र खड़गटा

12 अप्रैल को जिले में करौंथा गांव से प्रवेश करने वाली साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण की जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

12 अप्रैल को जिला में करौंथा गांव से प्रवेश करने वाली साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिला में साइक्लोथॉन यात्रा का भव्य आयोजन हो तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों व गैर सरकारी संगठनों की इस यात्रा में भागीदारी हो। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने यह बात कहीं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा उदय के तहत ड्रग फ्री हरियाणा के संदेश के साथ यह यात्रा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत 5 अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर रवाना की थी। जिला में 13 व 14 अप्रैल को ठहराव के बाद 15 अप्रैल को साइक्लोथॉन यात्रा सोनीपत के लिए रवाना होगी। 12 अप्रैल को करौंथा में पहुंचने पर साइक्लोथॉन यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। स्वागत समारोह में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा इस यात्रा का स्वागत करेंगी। ग्राम पंचायत द्वारा विशेष प्रबंध किए जाएंगे। इस यात्रा के पहुंचने पर स्कूली विद्यार्थी व ग्रामीण भी यात्रा का स्वागत करेंगे। करौंथा से चलकर यात्रा मायना होते हुए रूपया चौक, राजीव चौक होकर स्थानीय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल छात्रावास में रात्रि ठहराव के लिए रूकेगी।

खेल छात्रावास में साइक्लोथॉन यात्रा के 200 प्रतिभागियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा ठहरने व खाने-पीने के प्रबंध किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 व 14 अप्रैल को साइक्लोथॉन यात्रा रोहतक में विश्रम के उपरांत 15 अप्रैल को विदा होगी। नरेंद्र कुमार ने कहा कि मदवि के खेल छात्रावास में 15 अप्रैल को सुबह 7 बजे विदाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें ड्रग फ्री हरियाणा के थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा विदाई समारोह के मुख्यातिथि होंगे। विदाई समारोह के बाद यह यात्रा बोहर, भालौट होते हुए कंसाला पहुंचेगी, जहां से इस यात्रा को महापौर राम अवतार वाल्मीकि झंडी दिखाकर सोनीपत के लिए रवाना करेंगे। संबंधित गांवों में साइक्लोथॉन यात्रा के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशी शेखर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया, जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग की कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, मदवि की प्रतिनिधि डॉ. शकुंतला, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र ढूकसह, तहसीलदार राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, लाखनमाजरा की खंड शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार सहित जनस्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा।

#### साइक्लोथॉन यात्रा में खेल विभाग व शिक्षा विभाग के 1200 से प्रतिभागी भी होंगे शामिल

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में खेल विभाग के 500 खिलाड़ी तथा शिक्षा विभाग के 700 विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इनके अलावा साइकलिस्ट स्वीटी मलिक अपने ग्रुप के साथ शामिल होंगी तथा अन्य साइकिल ग्रुप के सदस्य भी इस यात्रा में भागीदारी करेंगे। खेल विभाग की ओर से यात्रा में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरित की जाएगी। साइक्लोथॉन यात्रा के दौरान संबंधित गांवों में स्लोगन झंडे व ड्रग फ्री हरियाणा के फ्लैक्स से यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

# भगवान महावीर जयंती पर भजन संध्या आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। जैन सभा रजिस्टर्ड रोहतक के तत्वावधान में देवाधिदेव 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी के 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव एवं जन्म जयंतीकी पूर्व संध्या एवं श्री नवकार महामंत्र दिवस के शुभ अवसर पर श्रीवर्धमान कीर्तन मण्डल द्वारा भजन संध्या एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति की गई। समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्यअतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन एवं संध्या जैन, समारोह अध्यक्ष समाज सेवी उद्योगपति दीपक जैन, वशिष्ठ अतिथिसमाजसेवी सुनील जैन, महामंत्री मनोज जैन डब्बू, विनय जैन, रविन्द्र , समाज सेवी उद्योगपति विनोद जैन, मनोज पंसारी, राजीव जैन ने भगवानश्री महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। 108 बार नवकार महामंत्र का उच्चारण किया। श्री वर्धमानकीर्तन मण्डली के द्वारा अपनी मधुरवाणी से भजनों का ऐसा समा बांधा की सभीझुमने पर मजबूर हो गए और अपने भजनों के माध्यम से महावीर भगवान का गुणगाण किया। जैन स्कूल के छात्र व छात्राओं द्वारा उपस्थित सभी के लिए स्वागत गीत गाया।

#### बच्चों ने सुन्दर भजनों की दी प्रस्तुति

स्कूल के बच्चों के द्वारा सुन्दरभजनों की प्रस्तुति कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया और सभी ने जमकर नृत्य किया। बाजे कुण्डलपुर में बधाई नगरी में जन्मे महावीर, मनुष्य जन्मअनमोल रहे माटी में ना रोल रहे अब तो मिला है फिर ना मिलेगा कभी नहीं कभीनहीं, सोने के रथ पर सवार करेंगे सबका बेड़ा पार वीर की जय बोलो मेरेमहावीर की जय बोलो , केसरिया केसरिया आज हमारे संघ केसरिया भजनों कीप्रस्तुति कर पूरा पंडाल भगवान महावीर स्वामी जी के जयकारे से गूंज उठा।

# सीसर खास गांव के खेतों में एक महीने से टूटी पड़ी है पाइप लाइन बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सीसर खास गांव में श्मशान घाट के पास से पूर्व दिशा की ओर जाने वाले एक कच्चे रास्ते पर पड़ने वाले आभा वाले खेतों की ओर किसानों ने एक पाइप लाइन बिछाई थी। इस पाइप लाइन पर 10 लाख रुपए से अधिक की लागत आई थी। किसानों ने सोचा था कि खेतों की सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध हो जाएगा। यह पाइप लाइन कामयाब भी हो गई। लेकिन सीसर खास गांव के रकबे से गुजरने वाली इंडियन ऑयल कंपनी की पाइप लाइन बिछाते समय यह पाइप लाइन टूट गई। गुजरात से पानीपत तक बिछाई जा रही इस पाइप लाइन पर काम कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से पिछले एक महीने से यह पाइप लाइन टूटी पड़ी है। किसानों की इस पाइप लाइन को जोड़ा नहीं जा सका है। सीसर खास गांव के किसान कुलदीप सिंह, महेंद्र सिंह, हरज्ञान, दलीप सिंह, रिंकू और रोहित कुमार ने बताया कि एक महीने से वे कंपनी अधिकारियों से बार बार प्रार्थना कर रहे हैं कि वे उनकी पाइप लाइन को जुड़वा दें, ताकि समय पर उनके खेतों की सिंचाई हो सके। एक महीने पहले उनको गेहूं की फसल में पानी देना था। लेकिन फसल में पानी नहीं दिया जा सका। जिस वजह से गेहूं की फसल में भी नुकसान हुआ है। अब कपास व चारे आदि की फसलों की बिजाई का समय आ गया है। उसके लिए खेतों की सिंचाई करनी है। यदि समय रहते पाइप लाइन ठीक हो जाए, तो खेतों की सिंचाई हो जाएगी।



**महम।** सीसर खास गांव के रकबे में टूटी पड़ी पाइप लाइन को दिखाते पीड़ित किसान।

#### एसडीएम ने दिए आदेश

एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट ने कंपनी अधिकारियों को इस संबंध में पाइप लाइन जल्द ठीक करने के आदेश दिए हैं। एसडीएम ने कहा है कि किसानों को खेतों की सिंचाई में दिक्कत नहीं आनी चाहिए, इसलिए जिन किसानों की पाइप लाइन टूट गई है, उस पाइप लाइन को ठीक किया जाए। कंपनी अधिकारियों ने एसडीएम से दो दिन की मोहल्लत मांगी है। कहा है कि वे दो दिन में पाइन को ठीक कर देंगे।

# भाजपा में कांग्रेस कल्चर नहीं बनने देंगे : मनीष ग्रोवर

- सक्रिय कार्यकर्ता लोगों के जमकर काम करवाएं, जायज काम पर अधिकारी और कर्मचारी आपत्ति करें तो बड़े नेताओं को बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी में कांग्रेस कल्चर नहीं बनने देंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के त्याग और बलिदान के दम पर खड़ी हुई है और पूरी तरह अनुशासित पार्टी है। सक्रिय कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर आम जनमानस के अधिक से अधिक काम करवाएं। ओल्ड आईटीआई स्थित शहीद मदनलाल ढींगरा सामुदायिक केंद्र में आयोजित रोहतक विधानसभा के सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत सक्रिय कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि 1980 से 2014 के बीच के दशक को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। इस पीरियड में पार्टी के तमाम कद्दावर नेताओं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई , लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ मंगल सेन सहित रोहतक के कई ऐसे बड़े नेता व कार्यकर्ता रहे, जिन्होंने संगठन के लिए सब कुछ बलिदान कर दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि 14 अप्रैल को हिसार में प्रधानमंत्री एयरपोर्ट का उद्घाटन करने सहित अनेक सौगात देने जा रहे हैं, इसलिए उस दिन सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लें।




रोहतक। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।



### वैश्य तकनीकी संस्थान में हुआ सेमिनार

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान एडवाइजर ऑर्गेनाइजेशन के अंतर्गत म्युचुअल फंड और फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के सभी शिक्षा कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजन सरीन ने मुख्य वक्ता विमल चंद्र झा इन्वेस्टमेंट एडवाइजर का स्वागत किया। कार्यक्रम में म्युचुअल फंड, एस आई पी तथा निवेश की योजनाओं पर चर्चा हुई। अंत में संस्थान के प्राचार्य संजीव गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। उपप्रधान दीपक जिंदल, महासचिव राजेंद्र बंसल, और कोषाध्यक्ष चंद्र गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से निवेश के विषय में जागृति बढ़ती है, इसीलिए ये होते रहने चाहिए।

# गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान पर हुआ कार्यक्रम

- यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस व एनसीसी इकाई द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। इसमें विद्यार्थियों को नशीली दवाओं, मादक पदार्थ, तंबाकू, शराब से दूर रहने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही उन्हें मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों से लोगों को जागरूक करने और स्वस्थ व जिम्मेदार जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को एक मजबूत राष्ट्र और नशा मुक्त स्वस्थ पीढ़ी बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को नशा मुक्त और आशा भरा समाज बनाने में सहयोग की अपील भी की।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- MAID 2
- HOUSE KEEPING 2
- CLEANERS 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
- एचआर हेड (महिला)
- फील्ड ऑफिसर
- टेलीकॉलर (महिला)

सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

NEW FRESH BATCHES
CLAT (LAW) 2026/27
IPM (IIMs) 2026/27
BANK SSC
MCA NDA
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337

|| अहिंसा परमो धर्मः || || श्री महावीराय नमः || || क्षमा वीरस्य भूषणम् ||



परस्परोपग्रहो जीवानाम्
|| जय जिनेन्द्र ||

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

आप सभी को देवाधिदेव 1008 भगवान

# श्री महावीर स्वामी जी

## के 2624 वें जन्म कल्याणक (जन्म जयंती) की हार्दिक शुभकामनाएं

भगवान महावीर स्वामी ने पंच महाव्रत की शिक्षा दी। पंच महाव्रत का पालन करने वाले को किसी प्रकार का रोग और शोक नहीं होता। वह पापों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त होता है।

- **अहिंसा** : किसी भी जीव को मन, वचन, काय से पीड़ा न पहुँचाना अर्थात हिंसा का पूर्णतयः त्याग करना अहिंसा है।
- **सत्य** : दूसरों को सन्ताप देने वाले वचनों का त्याग कर सबसे हितकारी, प्रिय वचन बोलना सत्य है
- **अचौर्य** : चोरी न करना, न ही चोरी के लिए दूसरों को प्रेरित करना। दूसरों के स्वामित्व की वस्तु का त्याग ही अचौर्य है।
- **ब्रह्मचर्य** : रागोत्पादक साधनों के होने पर भी उन सब से दूर होकर आत्म साधना में रहना ही ब्रह्मचर्य है।
- **अपरिग्रह** : लोभ एवं लालच का पूर्णतयः त्याग कर जीवन जीना, आवश्यकता से अधिक संग्रह का त्याग अपरिग्रह है।

अनेकांतवाद: जैन धर्म के मूलभूत सिद्धान्तों में से एक है। किसी भी वस्तु या विचार को पूर्ण रूप से स्वीकार करने से पहले सभी का दृष्टिकोण समझना और उसके बाद ही निर्णय लेना अनेकांतवाद कहलाता है।

9 अप्रैल को आयोजित "नवकार महामंत्र दिवस" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'नवकार महामंत्र' का जाप किया व 9 संकल्प अपने साथ लेकर जाये इसका आवाहन किया, हम निम्नलिखित तरीके से इन संकल्पों का पालन कर रहे है।



**पहला संकल्प – पानी बचाने का संकल्प**
हम जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट से अपने कैंपस में प्रतिदिन 1 लाख लीटर पानी बचाते है।

**दूसरा संकल्प – एक पेड़ मां के नाम**
हमने पिछले वर्ष रोहतक व आसपास 60000 पेड़ लगाए थे और इस वर्ष भी 15 जुलाई से 31 अगस्त तक वृक्षारोपण अभियान चलाएँगे आप भी इस अभियान से जुड़ सकते है।

**तीसरा संकल्प – स्वच्छता का मिशन**
पिछले कई वर्षों से हम अपने कैंपस में स्टाफ के लोगों के घरों से एकत्रित किये गए गीले कूड़े से खाद बनाकर उसका उपयोग कर रहे आप भी अपनी सोसाइटी या कालोनी में मिलकर यह कार्य कर सकते है।

**चौथा संकल्प – वोकल फॉर लोकल**
हम भी इस दिशा में कार्य करते हुए मेक इन इंडिया के तहत विभिन्न देशो में अपने प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट कर रहे है।

**पांचवां संकल्प – देश दर्शन**
उन्होंने भारत में यात्रा करने के महत्व पर जोर दिया

**छटवां संकल्प – नेचुरल फार्मिंग को अपनाना**
हम अपने कैंपस में प्राकृतिक खेती की तकनीक का ही प्रयोग करते है।

**सातवां संकल्प है – हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाना**
विशेषकर आहार में मोटा अनाज (मिलेट्स) को शामिल करने और हमें जैन परम्परा के अनुसार घर का बना खाना, सूर्यास्त से पहले खाना चाहिए।

**आठवां संकल्प – योग और खेल को जीवन में अपनाना**
स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन योगा व व्यायाम करें और खेलों को जीवन में शामिल करें।

**नौवां संकल्प – दूसरों की मदद**
परस्परोपग्रहो जीवानाम् के सिद्धांत के आधार पर दूसरों की मदद अवश्य करें।



**RAJESH JAIN**
M.D., LPS Bossard

**NO WAR**
India Stands for Global Peace
The World does not need weapons
it needs compassion

UPS LAKSHMI | LPS BOSSARD Proven Productivity | BP Jain Skill Development Centre